# Fundamental Rights

**1.** **निम्नलिखित में से किसको संविधान द्वारा मौलिक अधिकारों को लागू करने की शक्ति दी गई है?**
(a) भारत के सभी न्यायालयों को
(b) संसद को
(c) राष्ट्रपति को
(d) सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालयों को

**2.** **किस वाद ने संसद को मौलिक अधिकारों में संशोधन का अधिकार दिया?**
(a) केशवानन्द भारती वाद
(b) राजनारायण बनाम इन्दिरा गाँधी वाद
(c) गोलकनाथ वाद
(d) सज्जन कुमार वाद

**3.** **सम्पत्ति के अधिकार को मूल अधिकार की श्रेणी से हटाकर किस अनुच्छेद के अन्तर्गत रखा गया है?**
(a) अनुच्छेद 31
(b) अनुच्छेद 301 (क)
(c) अनुच्छेद 300 (क)
(d) अनुच्छेद 19 (क)

**4.** **शिक्षा का अधिकार, भारत के संविधान में मूल अधिकारों में किस संशोधन द्वारा जोड़ा गया?**
(a) संविधान (86वाँ संशोधन) अधिनियम 2002
(b) संविधान (93वाँ संशोधन) अधिनियम 2005
(c) संविधान (87वाँ संशोधन) अधिनियम 2003
(d) संविधान (97वाँ संशोधन) अधिनियम 2011

**5.** **भारत के संविधान में मौलिक अधिकार**
(a) मूल संविधान का हिस्सा था
(b) चौथे संशोधन द्वारा जोड़े गए थे
(c) संसद द्वारा वर्ष 1952 में जोड़े गए थे
(d) 42वें संशोधन द्वारा जोड़े गए थे

**6.** **मूल अधिकारों पर आवश्यक प्रतिबन्ध लगाने का अधिकार किसको है?**
(a) राष्ट्रपति को (b) संसद को
(c) न्यायपालिका को (d) इनमें से कोई नहीं

**7.** **मौलिक अधिकारों का निलम्बन कौन कर सकता है?**
(a) प्रधानमन्त्री (b) संसद
(c) राष्ट्रपति (d) सर्वोच्च न्यायालय

**8.** **निम्नलिखित में से कौन-से मामले उच्च न्यायालय तथा उच्चतम न्यायालय की अधिकारिता में आते हैं?**
(a) केन्द्र व राज्यों के बीच विवाद
(b) राज्यों के परस्पर विवाद
(c) मूल अधिकार का प्रवर्तन
(d) संविधान के उल्लंघन से संरक्षण

**9.** **राज्य के नीति-निदेशक सिद्धान्त किस प्रकार मौलिक अधिकारों से भिन्न हैं?**
(a) पूर्वोक्त केन्द्र सरकार के लिए है और उपरोक्त राज्यों के लिए
(b) पूर्वोक्त संविधान का अंश नहीं है, जबकि उपरोक्त है
(c) राज्य के नीति-निदेशक तत्त्व प्रवर्तनीय नहीं हैं, जबकि मूल अधिकार प्रवर्तनीय हैं
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**10.** **निम्न में से कौन सुमेलित है?**
(a) बन्दी प्रत्यक्षीकरण — हैबियस कॉपर्स
(b) परमादेश — क्वो वारण्टो
(c) उत्प्रेषण — सेण्डेयम
(d) अधिकार पृच्छा — सर्शियोरेरी

**11.** **राज्य के नीति-निदेशक तत्त्व में क्या शामिल है, जो मूल अधिकार में नहीं है?**
(a) अस्पृश्यता का उन्मूलन
(b) आने-जाने की स्वतन्त्रता
(c) धर्म की स्वतन्त्रता
(d) कुटीर उद्योग को प्रोत्साहन

**12.** **सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए**

| सूची I (मौलिक अधिकार) | सूची II (अनुच्छेद) |
|---|---|
| A. समता का अधिकार | 1. अनुच्छेद 14-18 |
| B. वाक् स्वातन्त्र्य का अधिकार | 2. अनुच्छेद 25 |
| C. धर्म की स्वतन्त्रता का अधिकार | 3. अनुच्छेद 32 |
| D. संवैधानिक उपचारों का अधिकार | 4. अनुच्छेद 19 |

**कूट**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (d) | 2 | 3 | 1 | 4 |

**13.** **निम्नलिखित में से कौन-सा एक भारत के मूल संविधान में सम्मिलित मूल अधिकारों में शामिल नहीं है?**
(a) समता का अधिकार
(b) स्वातन्त्र्य अधिकार
(c) शोषण के विरुद्ध अधिकार
(d) सूचना का अधिकार

**14.** **सूचना का अधिकार किस राज्य में लागू नहीं है?**
(a) दिल्ली (b) जम्मू एवं कश्मीर
(c) अरुणाचल प्रदेश (d) मेघालय

**15.** **अनुच्छेद 19 के तहत प्राप्त अधिकारों में कौन-सा/से सम्मिलित है/हैं?**
1. अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता
2. निवास की स्वतन्त्रता
3. व्यवसाय की स्वतन्त्रता
4. प्रेस की स्वतन्त्रता

**कूट**
(a) केवल 2 (b) केवल 3
(c) केवल 4 (d) ये सभी

**16.** **संवैधानिक उपचारों का अधिकार किन परिस्थितियों में निलम्बित हो जाता है?**
(a) आपात स्थिति की घोषणा के दौरान
(b) सेना सदस्यों के सम्बन्ध में
(c) जब सैनिक विधि लागू हो
(d) उपरोक्त सभी परिस्थितियों में

**17.** **संविधान के किस अनुच्छेद द्वारा सिखों द्वारा कृपाण धारण करना धार्मिक स्वतन्त्रता का अंग माना गया है?**
(a) अनुच्छेद 24 (b) अनुच्छेद 25
(c) अनुच्छेद 26 (d) अनुच्छेद 27

**18.** **संविधान के किन अनुच्छेदों के अन्तर्गत अल्पसंख्यकों को अपनी संस्कृति के संरक्षण तथा अपनी पसन्द की शिक्षा संस्थाओं की स्थापना व संचालन के अधिकार को मान्यता प्रदान की गई है?**
(a) अनुच्छेद 23 (b) अनुच्छेद 29 व 30
(c) अनुच्छेद 32 (d) अनुच्छेद 38 व 39

**19.** **संविधान के किस अनुच्छेद के प्रावधानों के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा 'भारत रत्न', 'पद्म विभूषण' आदि अलंकरण प्रदान किए जाते हैं?**
(a) अनुच्छेद 15 (b) अनुच्छेद 18
(c) अनुच्छेद 21 (d) अनुच्छेद 23

**20.** **समानता का अधिकार संविधान के निम्न अनुच्छेदों में से किसके अन्तर्गत दिया हुआ है?**
1. अनुच्छेद 13 2. अनुच्छेद 14
3. अनुच्छेद 15 4. अनुच्छेद 16

**कूट**
(a) 1 और 2 (b) 1, 2 और 3
(c) 2, 3 और 4 (d) ये सभी

**21.** **भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद व्यक्ति के विदेश यात्रा के अधिकार को संरक्षण प्रदान करता है?**
(a) 14 (b) 21
(c) 19 (d) इनमें से कोई नहीं

**22.** **भारत के संविधान में 'शोषण के विरुद्ध अधिकार' का भाग होने के रूप में निम्नलिखित में से कौन-कौन-से विचार किए गए हैं?**
1. मानव के दुर्व्यापार और बलात् श्रम का प्रतिषेध
2. अस्पृश्यता का अन्त
3. अल्पसंख्यक वर्गों के हितों का संरक्षण
4. कारखानों व खानों में बालकों के नियोजन का प्रतिषेध

**कूट**
(a) 1 और 2
(b) 1 और 3
(c) 1 और 4
(d) 2, 3 और 4

**23.** **प्रेस की स्वतन्त्रता किस अधिकार में निहित है?**
(a) नियमों के समान संरक्षण
(b) विचार एवं अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता
(c) संघ निर्माण की स्वतन्त्रता
(d) कार्य और सामग्री सुरक्षा

**24.** **भारत में समाचार-पत्रों का स्वातन्त्र्य**
(a) संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (क) में विशेष रूप से उपबन्धित है
(b) संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (क) में प्रत्याभूत अभिव्यक्ति के व्यापक स्वातन्त्र्य में निहित है
(c) संविधान के अनुच्छेद 361 (क) के उपबन्धों द्वारा प्रत्याभूत है
(d) देश में विधि के शासन के प्रवर्तन से ही उद्भूत होता है

# Answer Key

1.(d) 2. (a) 3. (c) 4. (a) 5.(a) 6.(b) 7. (c) 8. (c) 9.(c) 10.(a)
11. (d) 12.(c) 13.(d) 14.(b) 15.(d) 16.(a) 17.(b) 18.(b) 19.(b) 20.(c)
21. (b) 22.(c) 23.(b) 24.(b)

EduBull.com